पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)
E-Mail : rsuexam@gmail.com

क्र. 10018 / परीक्षा / प्रवेश / 2024 रायपुर, दिनांक 26/06/2024

// अधिसूचना //

विश्वविद्यालयीन पूर्व प्रेषित अधिसूचना क्रमांक 9949 / परीक्षा / प्रवेश / 2024 रायपुर,दिनांक 14 / 06 / 2024 के द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त शासकीय / अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया विभिन्न चरणों में जारी है, जिसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में छात्र पंजीयन कर नियमित छात्र के रूप में प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त अग्रलिखित छात्रों को महाविद्यालय के प्राचार्य छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग रायपुर द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका 2024–25 एवं विश्वविद्यालय के नियमानुसार प्रवेश देंगे।

1. स्नातक द्वितीय एवं अंतिम वर्ष, स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष एवं सेमेस्टर पद्धति के अगले सेमेस्टर में नियमित परीक्षार्थियों को परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात् महाविद्यालय के प्राचार्य नियमानुसार प्रवेश देंगे।
2. पूरक प्राप्त विद्यार्थियों को महाविद्यालय के प्राचार्य अपने स्तर पर ऑफलाइन माध्यम से अस्थाई प्रवेश देंगे।
3. अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी के रूप में उत्तीर्ण छात्रों को महाविद्यालय में स्थान रिक्त होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य ऑफलाइन के माध्यम से नियमानुसार प्रवेश देंगे।
4. विश्वविद्यालय के क्षेत्रातंर्गत सेमेस्टर परीक्षाओं में एक महाविद्यालय से दूसरे महाविद्यालय में स्थानातरण के संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्य विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचना क्र.5048 / अका. / कार्य.प. / 2017 रायपुर, दिनांक 07 / 10 / 2017 का अवलोकन कर नियमानुसार प्रवेश देंगे।
5. वार्षिक पद्धति में एक महाविद्यालय से दूसरे महाविद्यालय में स्थानांतरित होने वाले छात्रों को महाविद्यालय के प्राचार्य नियमानुसार ऑफलाइन प्रवेश देंगे एवं उनका विवरण विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल में अपलोड करेंगे।
6. अन्य विश्वविद्यालयों से पाठ्यक्रमों को बीच में छोड़कर आगे की पढ़ाई पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर से पूर्ण करने के इच्छुक छात्रों को महाविद्यालय के प्राचार्य विश्वविद्यालय द्वारा पात्रता प्रमाण पत्र जारी करने के पश्चात् ही नियमानुसार प्रवेश देंगे।
7. क्र. 02 एवं 03 में ऑफलाइन प्रवेशित छात्रों की सूची को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रवेश देने के पश्चात् विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल में अपलोड करेंगे।

आदेशानुसार,

26/6/24

कुलसचिव

Con..02

पृ.क्र. 10019/ परीक्षा / प्रवेश / 2024 रायपुर, दिनांक 26/06/2024

प्रतिलिपिः–

1. सचिव माननीय राज्यपाल, राजभवन,रायपुर,
2. माननीय उच्च शिक्षा मंत्रीजी के विशेष सहायक,
3. सचिव, उच्च शिक्षा महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल–नगर,
4. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल–नगर,
5. अधिष्ठाता छात्र कल्याण / संचालक, महाविद्यालयीन विकास परिषद, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर,
6. स.कु.स.,गोपनीय / उ.कु.स.,अकादमिक / उ.कु.स.,विकास, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर,
7. प्रभारी, आई.क्यू.ए.सी. (IQAC), पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर,
8. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर।
9. वित्त नियंत्रक / प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र (गोप.) / वि.वि. मुद्रणालय, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर,
10. संचालक,भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता, सहकारी संघ मर्यादित 320AD, इंदिरा नगर, स्पीकर हाउस के सामने, कांके रोड, रांची– झारखंड, पिन नं – 834008,
11. प्रभारी, कम्प्यूटर सेंटर, पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर को इसे वि.वि. के वेबसाईट में अपलोड करने हेतु,
12. संपादक, समस्त स्थानीय समाचार–पत्र रायपुर अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
13. कुलपति के सचिव / कुलसचिव के निजी सहायक,पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

26.06.24

उप कुलसचिव (परीक्षा)